

# पुरानी रंजिश में चाकूओं से हमला कर किया मर्डर

**खास बातें**

- आक्रोशित लोगों ने जय स्तंभ चौक पर किया चक्का जाम
- आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध





नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 11 फरवरी, गंजबासौदा तहसील में एक मामूली झगड़े ने युवक की जान ले ली.गुस्साए परिजनों ने शहर में चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए.कई घंटे तक शहर में तनाव के हालात बने रहे. जय स्तंभ चौक पर हुये चक्का जाम में शामिल प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे.पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्का जाम खत्म हुआ.पुलिस ने दाबा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा. बताया जाता है कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया.**

बीती रात गंजबासौदा के एक निजी पेट्रोल पंप के पास 22 वर्षीय गौरव यादव का कुछ लोगों से कहासुनी हो गई.बताया जा रहा है कि गौरव अपने साथियों के साथ एक शादी समारोह से लौट रहा था.देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और हमलावरों ने गौरव पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.गंभीर रूप से घायल गौरव को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर विदिशा रेफर किया गया.लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद अचानक हुआ था.एसडीओपी शिखा भालवी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

बताया गया कि अज्ञात कारणों के चलते युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया की मारपीट के साथ चाकू चले जिसमें रामबाबू यादव का पुत्र गौरव यादव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तुरंत इलाज हेतु राजीव गांधी जन चिकित्सालय भेजा गया.नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे विदिशा रेफर कर दिया .जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया परंतु उसने इलाज के दौरान अपने प्राण त्याग दिए. उसकी डेड बॉडी को बासौदा लाया गया इस घटना को लेकर नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त था दुर्गा नगर कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय गौरव यादव की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने सीसीटीवी कैमरा देखे तथा आसपास के लोगों से जानकारी ली तीन युवकों को गिरफ्तार करने की जानकारी मिली है पुलिस ने अभी इसका खुलासा नहीं किया है पूछताछ चल रही है यादव समाज द्वारा भी ज्ञापन दिया गया है और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है रामनगर पुलिया के पास तथा नायरा पेट्रोल पंप के पीछे रेलवे अंडर ब्रिज के पास देर रात्रि तक बदमाशों का आना-जाना नशा करना यह सब लगा रहता है इस क्षेत्र की एक होटल में देर रात्रि तक लोग नशा करते हैं और वारदातों को अंजाम देते हैं कुछ लोग इन बदमाशों को संरक्षण देते हैं.पुलिया पर कई बार लूटपाट भी हो चुकी है रेलवे स्टेशन से इमली चौराहे तक बदमाशों का रात भर आना जाना लगा रहता है यह क्षेत्र बदमाशों का ठिकाना बन गया है यहां दारू गांजा अफीम तथा अन्य नशीली वस्तुओं का कारोबार भी चलता है रेलवे के उस पार से बदमाश आते हैं और घटनाओं को अंजाम देकर भाग निकलते हैं यह आसपास के क्षेत्र लोगों के लिए मुसीबत का कारण बने हुए हैं.



## 394 करोड़ का बजट फिर भी भटक रही नपा

**पूर्व मुख्यमंत्री के संसदीय क्षेत्र में नगर पालिका किराये के सहारे**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 फरवरी**, कई सालों से सत्ता में काबिज भाजपा के विधायक, सांसद और नपाध्यक्ष विदिशा में नगर पालिका को स्थायी ठिकाना नहीं दे सके हैं. हालत यह हो चले हैं कि नपा का कार्यालय दरबदर भटक रहा है.कभी निकासा रोड पर तो उसके बाद दूसरा ठिकाना बस स्टेण्ड और तीसरा ठिकाना अब पुरानी सरकारी अस्पताल में है जब भी कोई महत्व पूर्ण बैठक या परिषद का सम्मेलन करना होता है तो बस स्टेण्ड स्थित बैठक हॉल में करना पड़ती है. खास तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में आने वाली विदिशा नगर पालिका करोड़ों रुपये के बजट के बावजूद आज तक अपनी स्वयं की भवन सुविधा से वंचित है. शहर के विकास, स्वच्छता, सड़क, नाली और जनसुविधाओं पर खर्च के दावे तो हर साल किए जाते हैं, लेकिन नगर पालिका अब भी किराए या अस्थायी भवन से संचालन कर रही है.जबकि इस बार नगर पालिका का बजट 394 करोड़ से ज्यादा का है. इतना बढ़ा बजट होने के बाद भी नगर पालिका खुद की एक इमारत खड़ी नहीं कर पा रही है.

### अब तक नहीं मिली जगह और इमारत

कई सालों तक नगर पालिका कार्यालय निकासा रोड स्थित भवन में संचालित होता रहा. लेकिन इमारत जर्जर होने के साथ उसकी एक्सपायरी डेट तक निकल गयी, जगह जगह से इमारत गिरने लगी और आखिर में यह भवन कब गिर जाये कुछ कहा नहीं जा सकता. जिसके चलते इसके चलते नपा कार्यालय को बस स्टेण्ड के खाली पड़े भवन में शिफ्ट कर दिया गया.यहां कुछ नपा संचालित होने के बाद जब सरकारी अस्पताल शिफ्ट हुआ तो उसकी खाली बिल्डिंग में नपा कार्यालय शुरू कर दिया गया.यहां भी नपा के कार्यालय को संचालित करने में परेशानी आ रही है.स्थायी भवन नहीं होने से प्रशासनिक कार्यों में असुविधा होती है. नागरिकों को विभिन्न विभागों के काम के लिए भटकना पड़ता है.कर्मचारियों के लिए भी पर्याप्त कक्ष, रिकॉर्ड रूम और बैठक व्यवस्था का अभाव बना रहता है. करोड़ों के बजट वाली नगर पालिका यदि अपनी ही आधारभूत संरचना विकसित नहीं कर पा रही है, तो यह योजना और प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है.स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शहर को स्मार्ट बनाने और विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, तो सबसे पहले नगर पालिका की खुद की सुसज्जित इमारत होनी चाहिए. अब देखना यह है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस दिशा में कब ठोस कदम उठाते हैं.

**शासन को भेजा प्रस्ताव**

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर का कहना है कि नपा के भवन के लिये करीब 2 साल पहले प्रस्ताव बनाया था और स्वीकृति के लिये शासन को भेजा गया था.मामला विचाराधीन है.प्रशासन से जमीन के लिये भी मांग की है.

## नवांकुर संस्था युवा परिवर्तन सेवा समिति की हुयी बैठक

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर**,बुधवार को सेक्टर बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन ग्यारसपुर में किया गया.बैठक में ग्राम विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई. संस्था से कार्यक्रम समन्वयक शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा ने प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को आदर्श ग्रामसंस्कार केंद्र जन सूचना केंद्र वाचनालय पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण नर्सरी दस्तावेजीकरण नियमित बैठक जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए इन गतिविधियों को प्रभावी रूप से ग्राम स्तर पर लागू करने का आह्वान किया.



## कोपरा पत्थर से लदा डंपर पकड़ा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** कोपरा पत्थर से लदा डंपर पकड़ा.अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया. गंजबासौदा एसडीएम द्वारा कोपरा पत्थर गिट्टी से भरा डंपर को पकड़ कर जप्त किया. वाहन पर राजसात की कार्रवाई हो सकती है. हालात यह हैं कि बेधड़क यह काम चल रहा है.

## उदयपुर रोड पर किया जा रहा डामरीकरण



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने उदयपुर में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा महाशिवरात्रि पर लगभग 1 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे.उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान प्रशासन के साथ हम सबको रखना है.जल व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को भी देखना है मंदिर में अंदर और बाहर पुलिस की व्यवस्था की जा रही है.
इस बार फसल देर से कटेगी.इस कारण खेतों में फासले खड़ी हैं.वाहन क्योटन नदी के पास खड़े होंगे.पार्किंग व्यवस्था वहां की गई है. महाशिवरात्रि पर उदयपुर में मेला भी भरता है जहां बड़ी संख्या में आदिवासी गरीब मजदूर पहुंचते हैं और खूब खरीदारी करते हैं वहां भी प्रशासन ने व्यवस्था की है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े. इस वर्ष मंदिर प्रांगण में संस्कृत और देसी कार्यक्रम मनोरंजन हेतु रखे गए हैं इसके साथ भजन कीर्तन भी चलते रहेंगे उदयपुर के नील कंठेश्वर महादेव मंदिर जो कलात्मक प्राचीन मंदिर है पूरा मंदिर पत्थर की नक्काशी कर बनाया गया है जिसे देखने देश-विदेश से लोग आते हैं.गंजबासौदा तहसील का यह मंदिर देश ही नहीं विदेश में भी जाना जाता है.पर्यटक आते जाते रहते हैं जिस हिसाब से यहां व्यवस्था होना चाहिए शान द्वारा नहीं की गई है.



## सिरोंज में हुआ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डिजास्टर रिस्पॉन्स प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ आपदा राहत, खोज एवं बचाव विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सिरोंज स्थित जनपद कार्यालय भवन के हॉल में आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा, तहसीलदार संजय चौरसिया, जनपद सीईओ अशीष अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव मौजूद रहे. प्रशिक्षण आपदा नोडल अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एवं एएसआई लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में दिया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया. प्रशिक्षण के दौरान इन्सीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम, रेस्क्यू टास्क फोर्स तथा आईआरएस टीम के सदस्यों की आपदा के समय भूमिका, जवाबदेही एवं कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस अवसर पर एएसआई लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा बाढ़ आपदा राहत, खोज एवं बचाव कार्यों में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, आपदा से पूर्व, दौरान एवं बाद की कार्यवाही पर प्रकाश डाला गया. इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में बाढ़, बोरवेल रेस्क्यू, भूकंप, आगजनी, सर्पदंश, वज्रपात, प्राथमिक उपचार, लू एवं शीत लहर जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों की जानकारी भी दी गई.

## मानव तस्करी से बच्चों को मुक्त कराने पर एसपी और एएसपी का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन संस्था द्वारा एसपी रोहित केशवानी और एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का सम्मान किया गया. विगत दिनों विदिशा स्टेशन पर तीन वर्ष की नाबालिग बिटिया को 48 घंटे के भीतर बरामद कर चार अन्य बच्चों को मानव तस्करी से बचाने की कार्रवाई के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया.राष्ट्रीय जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रन संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा पुलिस प्रशासन के कप्तान रोहित केशवानी और उप कप्तान प्रशांत चौबे को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया.**सम्मान समारोह में शहर के धर्मगुरु गिरधर शास्त्री, ज्ञानी मंजीत सिंह, मौलवी रकीव साहब, फादर सिंटो बरगिस, गणमान्य नागरिक उमेश शर्मा, अतुल शाह, दिनेश वाजपेयी, डॉ. सचिन गर्ग, गोविंद सक्सेना, सचिन तिवारी, एड प्रवेश शर्मा, आर के कुलश्रेष्ठ, अरविंद द्विवेदी, सोहेल अहमद, अरुण अवस्थी, शकील अहमद, जोगेन्दर पंजाबी, दीपा शर्मा, एड शिवानी लखेरा, मयंक श्रीवास्तव, आशीष सोनी, मोनू सेन, अजय चतुर्वेदी और रजत शर्मा उपस्थित रहे. अरविंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की जानकारी दी.





### समर्पण दिवस के रूप में मनी पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** एकात्म मानववाद के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा एवं भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने लटेरी रोड स्थित दीनदयाल मानस उद्यान में एकत्रित होकर पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए. विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा संगठन की रीति नीति से अवगत कराते हुए जनकल्याण में सहभागिता करने की बात कही. उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद दीनदयाल जी का मूल दर्शन है.

## खाताधारक के खाता को सुरक्षित एवं चलायमान रखने ईकेवायसी जरूरी-लीड बैंक अधिकारी

नवभारत न्यूज

**नटेरन,**नटेरन जनपद सभागृह में भारतीय स्टेट बैंक जन सुरक्षा कैंप लगाया गया जिसमे लीड बैंक अधिकारी श्रीमती कल्पना सक्सेना ब्रांच के प्रबंधक मयंक द्विवेदी द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया.श्रीमती सक्सेना ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक का नियम है कि 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है अपडेट के लिए ईकेवायसी बहुत जरूरी और आवश्यक है अगर हम केवायसी नही करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा 10 मिनिट की बहुत सिंपल प्रक्रिया है क्योस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी होना जरूरी है शासन द्वारा मिलने बाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा बिल्कुल बंद हो जाएगा ई के वाय सी होगा तब ही हमारा खाता सुरक्षित होगा. प्रबंधक मयंक द्विवेदी ने बताया कि जन सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंक आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव में ही खाताधारको के खातों की ई के वाय सी का कार्य किया जा रहा है.यह बहुत आवश्यक है.सभी खाता धारक से आग्रह है कि बैंक द्वारा 20 रुपए का बीमा आवश्यक रूप से करवाएं एवं 436 का जीवन ज्योति बीमा इन दोनो योजनाओं का लाभ अवश्य लें. प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों को लगभग 10 वर्ष हो चुके है.आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए ई के वाय सी करवाना आवश्यक है.इस अवसर पर अभिजीत अश्विनी कुमार रामू सिलावट शिवम सिंह प्रतीक गुप्ता क्योस्क संचालक रमाकांत तिवारी सतीश कुशवाह कैम्प मे स्थानीय बैंक शाखाओं के अधिकारी उनके बी.सी. कियोस्क सहित उपस्थित हुए कैम्प में सीधे उक्त योजनाओं के पंजीयन किए गए , विशेष तौर से खातो में के.वाय.सी. कराना एवं अपरिचालित खातो को प्रचलित करने का कार्य मुख्य रूप से किया गया.

### मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,** राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा मंडल ग्यारसपुर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी सहित अजब सिंह राजपूत, भूपेंद्र किरार, सीताराम कुशवाहा, शेर सिंह साहू, गोविंद दास बैरागी, बलराम कुशवाहा आदि शामिल थे.

**नाम परिवर्तन सूचना**

भूलवश मेरी पुत्री रोशनी अहिरवार की 10 वीं की अंकसूची में उसका नाम रोशनी दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का पूरा सही नाम रोशनी अहिरवार है जो कि अन्य समस्त दस्तावेजों में भी दर्ज है । कृपया मेरी पुत्री को उसके पूरे सही नाम रोशनी अहिरवार के नाम से ही जाना पहचाना जावे ।

**जशवंत सिंह अहिरवार**
पुत्र श्री प्रीतम सिंह
निवासी , ग्राम मदऊखेडी , तहसील कुरवाई ,जिला विदिशा

**In The Court Of IV Additional District Judge, District Court, Vidisha**

Presiding Officer: राजेश शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000017/2026)
**विनीता साहू........वादी**
Vs
**सर्वसाधारण....... प्रतिवादी**
PN 88/10-2-26
ID 322/ 5-2-26
Process Id-/2026
**पेशी दिनांक : 13/03/2026**
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता विदिशा जिला विदिशा म0प्र0

यह कि प्रार्थी विनीता साहू ने आपके विरूद्ध सिविल एमजेसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 05 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**न्यायाधीश**

**In The Court Of IV Additional District Judge, District Court, Vidisha**

Presiding Officer: राजेश शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000020/2026)
**पूनम दुबे........वादी**
Vs
**सर्वसाधारण....... प्रतिवादी**
PN 90/10-2-26
ID 321/ 5-2-26
Process Id-/2026
**पेशी दिनांक : 26/02/2026**
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता विदिशा जिला विदिशा म0प्र0

यह कि प्रार्थी पूनम दुबे ने आपके विरूद्ध सिविल एमजेसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 05 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**न्यायाधीश**

**कार्यक्रम** | **मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर हुआ विशेषज्ञ सत्र**

## एसएटीआई में कुमिंस छात्रवृत्ति प्राप्त छात्रों को लैपटॉप वितरण





नवभारत न्यूज

**विदिशा,**सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान के एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में कुमिंस छात्रवृत्ति के लिए चयनित 37 विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए.इस अवसर पर छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेषज्ञ सत्र भी आयोजित किया गया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेश सोलंकी, विभागाध्यक्ष मनोचिकित्सा विभाग, एबीजीएमसी विदिशा ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर मार्गदर्शन दिया. उन्होंने बताया कि आज की प्रतिस्पर्धी शिक्षा व्यवस्था में मानसिक संतुलन बनाए रखना उतना ही आवश्यक है जितना कि शैक्षणिक उत्कृष्टता.

एसएटीआई निदेशक डॉ. वाय.के. जैन ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायी है बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का भी प्रमाण है.एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के.जी. किरार ने कुमिंस छात्रवृत्ति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 तक कुल 115 छात्रों को इस छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया गया है.संस्था की जनसंपर्क अधिकारी डॉ आशीष मनोरिया ने बताया कि अब तक छात्रों को लगभग 2 करोड़ 78 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त कर रही है. लैपटॉप वितरण समारोह में इस वर्ष 37 छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और कुमिंस फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम ने छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया.इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ. आलोक जैन, डॉ. राजीव जैन, डॉ. संजय भंडारी, डॉ. राजेंद्र दुबे, डॉ सुनील जोशी, डॉ शिल्पी तोमर, प्रो निखिल मोहन व्यास, रजिस्ट्रार प्रवीण करकरे सहित अनेक प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कुमिंस छात्रवृत्ति योजना के तहत लेपटॉप प्राप्त करने वालों में जय राजपूत, दिशा पानसे, श्रद्धा पाटीदार, प्रतिभा मिश्रा, दीपक कुमार गुप्ता, अवनि यादव, रिया गुप्ता, हर्ष तिवारी, अंकित सिंह, अंश्किा गुप्ता, वेदी वर्मा, हार्दिक कुमार सिन्हा, नकुल चैरे, मानसी निगम, अरिन शर्मा, झलक जैन, गीतांजलि यादव, सूरज गुप्ता, कात्यानी सिन्हा, अवनि भारद्वाज, आर्यिका श्रीवस्थी, शिखा वर्मा, निधि सोनी, सौम्या कनेरा, प्रियांषी साहू, अर्चिता सक्सेना, मुस्कान मालवीय, श्विांगी तिवारी, अंश्तिा राठौर, अन्वेश जैन, सुमित राजपूत, आयुषी दीक्षित, श्विांश् असाटी, प्रांशु जैन, पलक पंवार, सादिया मसरूर, दिव्यांश् चौरे आदि शमिल हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सचिन यादव, रामप्रीत सिंह, आकांश मेश्राम, रितेश सोनपुरे, रवीना गोस्वामी, कुहू जैन, भव्या पवार, सर्वज्ञ जैन, विवेक यादव, रमाकांत त्यागी, दीक्षा कुर्मी आदि ने कार्यक्रम के संचालन में अहम भूमिका निभाई.